# Assignment class 7th

प्र० शास्त्रीय नृत्य कथक की वेशभूषा के बारे में लिखिए ?

उ० कथक नृत्य में वेशभूषा –
स्त्री वेशभूषा – अनारकली सूट या लहंगा चोली के साथ ओढनी शामिल है।

पुरुष वेशभूषा – पुरुष नर्तक आमतौर पर कुर्ता - पायजामा या कुर्ता धोती पहनते है और कमर पर दुपट्टा बांधते है।

प्र० नृत्त की परिभाषा लिखिए ?

उ० भारतीय शास्त्रीय नृत्य में नाट्य, नृत्य और नृत्त तीन प्रमुख है।
नृत्त – इसे शुद्ध नृत्य भी कहा जाता है। जिसमें कोई भाव नही होता। यह ताल और लय के साथ अंगों का संचालन होता है
यह तीनों मिल कर भारतीय नृत्य को संपूर्ण बनाते है।

प्र० नाट्य की परिभाषा लिखिए ?

उ० भारतीय शास्त्रीय नृत्य में नाट्य, नृत्य और नृत्त ये प्रमुख तीन अंग है। नाट्य नाटक और अभिनय से संबंधित है। इसमें मंच पर प्रस्तुत करते समय संवाद (dialoug), संगीत और कथा होती है।

यह तीनों अंग भारतीय नृत्य को सम्पूर्ण बनाते है।

प्र० ताल कहरवा

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मात्रा – | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| बोल – | धा | गे | ना | ती | न | क | धी | ना |
| चिन्ह | X | | | | 2 | | | |

प्र० गतभाव किसे कहते है?

उ० जब नर्तक अकेले ही किसी कथा को लेकर उसके सभी पात्रो (कलाकार) का अभिनय विभिन्न रसों -भावों के साथ करता है तो वह गतभाव होता है। इसमें नर्तक पलटा लेकर पात्र की चाल चलकर पद संचालन कर किसी भी कथा को प्रस्तुत करता है।

Class VII
Final Term
Music Assignment

(1) स्वर किसे कहते है ? यह कितने प्रकार के होते है ?

Ans संगीत में प्रयोग होने वाली निश्चित ध्वनि जो सुनने में मधुर हो स्वर कहलाते है। स्वर तीन प्रकार के होते है – ① शुद्ध ② कोमल ③ तीव्र।

(2) लय और ताल में क्या अंतर है ?

Ans लय – गायन और वादन में जो समय लगता है उसकी समान गति (speed) को लय कहते है।
ताल – गायन और वादन में जो समय लगता है उसकी गति (speed) को मापने के पैमाने को ताल कहते है।

(3) सप्तक किसे कहते है ? यह कितने प्रकार के होता है ?

Ans 7 स्वरों के समूह को सप्तक कहते है। यह तीन प्रकार के होते है। ① मन्द्र ② मध्य और ③ तार सप्तक।

(4) भजन की परिभाषा लिखो ?

Ans देवताओं की स्तुति में गाए जाने वाले धार्मिक गीत को भजन कहते है। यह प्रेम, श्रद्धा और भक्ति से प्रेरित होता है। भजन मन को भगवान में लगाने की एक प्रक्रिया है

(5) Learn Any Prayer and वन्दे मातरम (from Diary.)

(6) संगीत में कुल कितने स्वर होते है ?

Ans संगीत में कुल 12 स्वर होते हैं ① 4 कोमल, ② 7 शुद्ध, ③ और 1 तीव्र।

7th Class Assignment ⇒ Instrument

Page No. :

(1) लय और ताल मे क्या अंतर है ?

उत्तर लय संगीत की गति या प्रवाह है, जबकि ताल उस गति को मापने का एक निश्चित ढाँचा है।

(2) ताल कहरवा का पूर्ण परिचय के साथ एक गुण लिखिए।

उत्तर ⇒ ताल कहरवा भारतीय संगीत मे एक लोकप्रिय ताल है जिसमे 8 मात्रा और 4-4 मात्रा के 2 विभाग है। पहली मात्रा मे सम (x) और पांचवी मात्रा मे खाली (0)

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धा | गे | न | ति | ना | क | धिं | नी |